दूरभाष– 2286709
फैक्स–0522–2286711
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,उ.प्र.
नव चेतना केन्द्र, 10 अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
www.sudaup.org, e mail-sudauplko@yahoo.com

पत्रांक 2833 /04/सात/रि.यो./2014–15–।। दिनांक 07 अक्टूबर, 2015

शीर्ष प्राथमिकता/अनुस्मारक

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उत्तर प्रदेश।

विषयः मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय हेतु 'मेगा काल सेन्टर परियोजनान्तर्गत' विभिन्न विभाग की चयनित योजनाओं के अन्तर्गत सूडा द्वारा क्रियान्वित मोटर/बैटरी चालित ई–रिक्शा योजना के लाभार्थियों का विवरण उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अभिकरण के पूर्व प्रेषित पत्रांक 2230 दिनांक 27.8.2015 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। प्रश्नगत पत्र के साथ शासन के पत्रांक 2110/69–1–2015/14(137)/2015 दिनांक 21.8.2015 के संलग्नक प्रमुख सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रनिक्स अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन के अर्द्धशा.प.सं. 38 आई.टी./2015 दिनांक 05.7.2015 प्रेषित करते हुए समयबद्ध सूचना उपलब्ध कराने हेतु आपसे अनुरोध किया गया था।

ज्ञातव्य है कि परियोजनान्तर्गत सूडा द्वारा संचालित बैटरी–पॉवर्ड मोटराइज्ड रिक्शा योजना का चयन किया गया है। यह परियोजना/कार्य शासन के वर्ष 2015–16 के निर्धारित विकास एजेण्डा–146 से आच्छादित है तथा इस योजना का सतत् अनुश्रवण मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में गठित प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप द्वारा किया जा रहा है। प्रश्नगत प्रकरण पर अनुस्मारक भी प्राप्त हो रहे हैं।

उपरोक्त तारतम्य में आपसे पुनः अनुरोध है कि कृपया व्यक्तिगत रूप से संज्ञान लेते हुए अधीनस्थ परियोजना अधिकारी, डूडा को निर्देशित करने का कष्ट करें कि शीर्ष प्राथमिकता पर मोटर/बैटरी चालित रिक्शा योजना के अन्तर्गत चयनित पात्र रिक्शा चालकों के लाभार्थियों का पूर्ण वांछित विवरण शासन से प्राप्त संलग्न प्रारूप (पूर्व प्रेषित) पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि समस्त जनपदों से प्राप्त लाभार्थियों का विवरण यथाशीघ्र संकलित कर कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश डेवलेपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को), लखनऊ को उपलब्ध कराया जा सके।

भवदीय,

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन को सूचनार्थ प्रेषित।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक